## खबर संक्षेप

### 13 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 02 स्थानों पर दबिश दी गई। उक्त कार्रवाई में 13 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जोकि बिक्री करने के प्रयोजन से आरोपियों के कब्जे से जप्त की गई, उक्त मशरूका की कुल कीमत 1,300 रु. है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 50 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**अनुपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने 50 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में जैतहरी निवासी रामप्रसाद राठौर ने पट्टे की भूमि का नक्शा-तरमीम कराए जाने, वार्ड नम्बर 01 कोतमा निवासी गोविन्द बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम सकरा तहसील अनूपपुर की रिया महरा ने जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने, ग्राम मनटोलिया तहसील अनूपपुर की सीता पनिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तीसरी किश्त की राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान मे सहयोग के लिए जिपं सीईओ ने जताया आभार

**अनुपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान मे नागरिकों, ग्रामीणजन, तथा स्वयंसेवी संगठन व जनप्रतिनिधिगणो, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों के साथ ही जन अभियान परिषद व विभिन्न विकास विभागो के सराहनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए जन सहभागिता के लिए समन्वय की भूमिका निभाने वाले जन अभियान परिषद सहित अन्य विकास विभागों द्वारा दिए गए योगदान तथा कार्यो की प्रशंसा की है।

### पीपरपानी में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान' का समापन

**नर्मदापुरम।** बनखेड़ी तहसील के ग्राम पीपरपानी में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि मां नर्मदा की गोद में पैदा हुए लेकिन आज भूमिगत जल का स्तर धीरे-धीरे नीचे गिरता जा रहा है। जिन गांवों में पहले 20 फीट की गहराई पर जल हुआ करता था। आज 300 फीट नीचे ट्यूबवेल भी फेल हो रहे हैं। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि पंचतत्वों में से एक जल, जीवन का आधार है। हमें जीवन के अस्तित्व के लिये जल को संरक्षित करना ही होगा। इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है। जल संरक्षण हमारी पुरातन संस्कृति है। यह अपनी परंपरा और संस्कारों की ऐतिहासिक विरासत है जिसे हमें अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विरासत से विकास की दृष्टि समग्र कल्याण के लिए है जो प्रकृति संवर्धन से लेकर विकास के हर पक्ष में समाहित है।

### रिहा बंदियों के ऋण प्रकरणों को बैंकों के माध्यम से शीघ्र स्वीकृत कराएं: कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम से रिहा होने वाले एवं निकट भविष्य में सजा अवधि पूर्ण करने वाले बंदियों को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने की। बैठक में रिहा बंदियों के स्वरोजगार हेतु प्रेषित ऋण प्रकरणों एवं परिरुद्ध बंदियों के कौशल विकास प्रशिक्षण की विभिन्न विभागों द्वारा विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिहा बंदियों के ऋण प्रकरणों को बैंकों के माध्यम से शीघ्र स्वीकृत कराएं तथा लंबित प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि एक व्यक्ति को बहु-प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, जिससे बंदी एक से अधिक रोजगारोन्मुख योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

## कलेक्ट्रेट में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान की गूंज

**नई ऊर्जा के साथ शुरू हुआ शासकीय कार्य**



**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में जुलाई माह की शुरुआत देशभक्ति की भावना के साथ हुई, जब सुबह शासकीय कार्य की शुरूआत वंदे मातरम और जन गण मन के सामूहिक गायन से की गई। जैसे ही राष्ट्गान की स्वर लहरियाँ परिसर में गूंजीं, वातावरण में अनुशासन, एकजुटता और राष्ट्रनिष्ठा की गूंज सुनाई दी। महीने के पहले कार्यदिवस को विशेष बनाने की इस परंपरा ने सरकारी कार्यप्रणाली को सिर्फ औपचारिक दायित्व न रहकर, संवेदनशील और प्रेरणादायक पहल में बदल दिया। राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान से शुरू हुआ यह दिन कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आया कि हर नई शुरुआत, एक नये संकल्प और नई ऊर्जा के साथ होनी चाहिए। कार्यक्रम में समस्त अधिकारी-कर्मचारी समय पर उपस्थित रहे और पूरी गरिमा व सम्मान के साथ राष्ट्गीत और राष्ट्गान का गायन किया। शासकीय भवन परिसर कुछ पलों के लिए किसी सामान्य कार्यस्थल की बजाय राष्ट्रभक्ति से सराबोर एक प्रेरणामयी स्थल में परिवर्तित हो गया। इस प्रकार की शुरुआत ने माह की सरकारी कार्य प्रणाली को अनुशासन, समर्पण और देशसेवा की भावना से जोड़ते हुए एक सशक्त संदेश दिया। नये महीने के पहले दिन की यह सादगीपूर्ण परंतु प्रभावशाली पहल, सरकारी सेवा में संकल्प और संवेदना दोनों को एक साथ जीवंत कर गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर ज्योति परस्ते सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# कमिश्नर व कलेक्टर कार्यालयों में अफसरों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**





जिले में जनसुनवाई के दो महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए एक कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में, और दूसरा कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में। दोनों स्थानों पर नागरिकों ने दूर-दराज़ क्षेत्रों से पहुंचकर अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सोन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में जिले के ग्रामीण अंचलों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनीं। ग्राम सपटा निवासी शिक्षक धीरेंद्र सिंह ने सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश दर्ज कराने की मांग की, सोहागपुर निवासी संदीप शुक्ला ने तालाब व नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अनुरोध किया। कल्याणपुर निवासी ओमवती आर्मो ने छात्रावास में कुक के पद पर नियुक्ति की मांग रखी, जबकि ग्राम बैला निवासी कौशल किशोर शुक्ला ने ग्राम पंचायत भादवाही के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने हेतु आवेदन सौंपा। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई में एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**कमिश्नर कार्यालय में उपायुक्त राजस्व ने सुनीं समस्याएं**

अमरकंटक सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व मिनिषा पांडेय ने शहडोल संभाग के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान बाणगंगा रोड निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक अशोक कुमार द्विवेदी ने अर्जित अवकाश नगदीकरण भुगतान की मांग की, ग्राम खमरौंध (अनूपपुर) निवासी लालमन सिंह ने समग्र आईडी अलग करवाने का अनुरोध किया, वहीं जयसिंहनगर वार्ड 1 निवासी पंकज कुमार गुप्ता ने एसडीएम कार्यालय हेतु क्रय की गई सामग्री का भुगतान करवाने की मांग रखी। ग्राम रतहर निवासी मयाराम यादव ने विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित कर समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। अन्य नागरिकों ने भी अपने आवेदन प्रस्तुत किए जिनपर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

## धनपुरी में शुरू हुई डायलिसिस सुविधा, विधायक जयसिंह मरावी ने काटा फीता

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**



धनपुरी क्षेत्र के निवासियों को अब डायलिसिस के लिए दूसरे शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी में डायलिसिस मशीन की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। मंगलवार को इसका विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक जयसिंह मरावी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक श्री मरावी ने कहा कि किडनी रोगियों को अब उपचार के लिए दूसरे शहरों की दौड़ से राहत मिलेगी। राज्य सरकार मरीजों के बेहतर इलाज हेतु लगातार प्रयासरत है और यह सुविधा उसी कड़ी का एक भाग है। शुभारंभ कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम अमिता चपरा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पूजा बुनकर, वार्ड पार्षद, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, गणमान्य नागरिक तथा मरीजों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने डायलिसिस सुविधा शुरू होने पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। अब धनपुरी क्षेत्र के मरीजों को समय पर डायलिसिस उपचार उपलब्ध हो सकेगा जिससे जीवन रक्षक उपचार में सहूलियत मिलेगी।

## युवक से मारपीट व अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

बुढार थाना क्षेत्र में एक गंभीर आपराधिक प्रकरण सामने आया है, जिसमें पुरानी रंजिश के चलते दो आरोपियों ने एक युवक से मारपीट कर उसका अपहरण कर लिया। पीड़ित लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर 27 जून 2025 को बुढार थाना में प्रकरण दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी प्रकाश नारायण पाठक एवं उसका एक साथी लच्छू लोधी ने मिलकर लक्ष्मीकांत से लाठी से मारपीट की, और जबरन उसे गाड़ी में बैठाकर अन्य स्थान पर ले गए। घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं, और मेडिकल जांच में उसके बाएं हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इसके आधार पर मामले में अतिरिक्त धाराएं जोड़ी गईं। बुढार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मंगलवार को आरोपी प्रकाश नारायण पाठक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त डस्टर कार एमपी 18 जेडसी 1584 को भी जब्त कर लिया गया है। वहीं, दूसरा आरोपी लच्छू लोधी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय जायसवाल के नेतृत्व में उप निरीक्षक उमाशंकर चतुर्वेदी, सहायक उप निरीक्षक गिरीश शुक्ला, प्रधान आरक्षक लवकेश शुक्ला, आरक्षक शिशिर सिंह एवं उमेश सिंह की विशेष भूमिका रही।

## इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन संभागीय मुख्यालय शहडोल के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में किया गया। इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक मनीषा सिंह ने फीता काटकर किया तथा विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी में शहडोल ,उमरिया, अनूपपुर एवं डिंडोरी जिले के नामांकित 127 में से 90 छात्र-छात्राओ ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर दिल्ली से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से विवेक त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची, पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के डॉ. प्रमोद पांडेय, डॉ एम के भटनागर, डाईट प्राचार्य श्रीमती अभिलाषा मिश्रा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, शिक्षा विभाग के अरविंद पाण्डेय सहित विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थें।

## आधार कैम्पों के माध्यम से अब तक जिले के 5958 नागरिकों के आधार कार्डों में हुए आवश्यक सुधार कार्य



**पीपुल्स प्रवक्ता, अनुपपुर।**

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प का आयोजन 2 जून 2025 से प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 5958 नागरिकों के आधार कार्डो में आवश्यक सुधार कार्य एवं 565 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए हैं। जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत केकरिया तथा नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर), नगर परिषद अमरकंटक, नगर परिषद डोला, नगरपालिका बिजुरी, नगरपालिका अनूपपुर, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 07 में एवं नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 11, नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड 05, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के सुभाष चन्द्र बोस वार्ड 01 में 02 जुलाई को आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में उमरिया अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज राजस्व प्राप्ति, वित्तीय वर्ष 2025-26 में दर्ज अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर की गई कार्यवाही, आर आर सी की वसूली के संबंध में चर्चा की । कलेक्टर श्री जैन ने आरआरसी की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए । उप संचालक खनिज फरहद जहां ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 -26 में माह अप्रैल 2025 से जून 2025 तक का लक्ष्य 16.75 करोड़ के विरूध्द 9.87 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई है । इसी तरह अवैध उत्ख़नन के 12 प्रकरणों में 8 प्रकरणों का निराकरण किया गया है जिसमें 1.43 लाख रूपये की राजस्व प्राप्त हुई है । अवैध परिवहन के 17 प्रकरणों में से 12 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 5.50 लाख रूपये की राजस्व आय प्राप्त हुई । अवैध भंडारण के 1 प्रकरण में 0.39 लाख रूपये की राजस्व प्राप्त हुआ है । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज , डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

**लोक निर्माण विभाग ने चलाया वृहद पौधारोपण अभियान**

## नर्मदापुरम जिले में 1755 पौधे किये गये रोपित



**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

पर्यावरण संरक्षण के लिए लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे वृहद पौधारोपण अभियान के तहत 01 जुलाई 2025 को चिनार पार्क, भोपाल में लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने पौधारोपण कार्यक्रम को एक अति महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य के रूप में संबोधित किया। मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' की भावना को चरितार्थ करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मार्गदर्शी सिद्धांत बताए एवं प्रत्येक जिले को कम से कम 1200 पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पौधों की निगरानी सेटेलाइट के माध्यम से की जाएगी ताकि पौधारोपण की सतत देखरेख सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में नर्मदापुरम जिले में लोक निर्माण विभाग (भवन/पथ), लोक निर्माण विभाग (भवन), सेतु उपसंभाग तथा एम.पी.आर.डी.सी. नर्मदापुरम की टीमों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिले में सर्किट हाउस रेस्ट हाउस/पी.आई.यू. द्वारा निर्मित भवनों एवं विभिन्न मार्गों पर पौधारोपण कार्य संपादित किया गया। पौधा रोपण अभियान के तहत लोक निर्माण विभाग (भवन/पथ) द्वारा 1375 पौधे, लोक निर्माण विभाग (भवन) द्वारा 150 पौधे, सेतु उपसंभाग नर्मदापुरम द्वारा 120 पौधे, तथा एम.पी.आर.डी.सी. नर्मदापुरम द्वारा 110 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 1755 पौधों का सामूहिक रूप से सुरक्षित वृक्षारोपण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आम जनों की समस्याएं



**पीपुल्स प्रवक्ता, उमरिया।**

साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए आम जनों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित किया ।जनसुनवाई में रेखा बारी शारदा कालोनी ने फौती नामांतरण कराने, शंकुतला बाई चंदिया ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, वेवा बेटी बाई ग्राम बल्हौड़ ने अधिकार पत्र की जमीन को छीनने, मारपीट करने, लोटन गड़ारी ग्राम भरौला ने खेत तक जाने के लिए रास्ता दिलाने, शिवमंगली ग्राम महुरी ने प्राथमिक शाला महुरी में रसोईया का काम दिलाने, कौशल चौधरी चंदिया वार्ड क्रमांक 3 ने आग लगने से हुए नुकसानी की सहायता राशि दिलाने, अंजू निवासी मउहार ने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने, अजय सेन ग्राम चंदवार ने पिता की मृत्यु पश्चात संबल योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज , डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा को दृष्टिगत रखते हुए करें पुख्ता तैयारियां: कलेक्टर

**कलेक्टर ने चार जुलाई को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई आयोजित**

**पीपुल्स प्रवक्ता, अनुपपुर।**




कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 जुलाई को अनूपपुर जिले के कोतमा में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में तैयारी संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्यक्रम की व्यवस्थाओं जैसे कि भूमि पूजन, लोकार्पण, हितलाभ वितरण, भोजन, पेयजल एवं बैठक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समयबद्ध एवं समुचित ढंग से सुनिश्चित की जाएं, जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो। कलेक्टर पंचोली ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम में वृक्षारोपण, विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन तथा मुख्य कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने जिले के समस्त अधिकारियों को उनके सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों स्पष्ट किया कि जिले की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम की व्यवस्था होनी चाहिए एवं आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी सहित जिले के सभी विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।